**परीक्षा विभाग**

**शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/ 5097 /परीक्षा/2024 दिनांक 06.01.2024

# आवश्यक सूचना

सत्र 2023–24 अन्तर्गत महाविद्यालय के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2023–24 हेतु जारी प्रवेश नियम एवं मार्गदर्शी सिद्धांत पुस्तिका के –

(1) बिन्दु क्रमांक 18.2 के तहत स्नातकोत्तर स्तर हेतु तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पिछले सेमेस्टर (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर) में उत्तीर्ण / किसी एक सेमेस्टर में दो तथा एक समय में कुल चार प्रश्नपत्रों में एटीकेटी प्राप्त विद्यार्थियों को पात्रता होगी।

(2) बिन्दु क्रमांक 19.3 के तहत स्नातक स्तर हेतु सेमेस्टर पद्धति में विद्यार्थी एक समय में चार एटीकेटी के साथ अगले सेमेस्टर में प्रवेश पा सकेगा लेकिन किसी भी एक सेमेस्टर में दो से अधिक विषयों में एटीकेटी की पात्रता नहीं होगी।

अतः उपरोक्त निर्देशों के परिपालन में विद्यार्थी अधिकतम चार एटीकेटी के साथ सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है। जिन विद्यार्थियों को चार से अधिक एटीकेटी हैं, ऐसे विद्यार्थी सेमेस्टर परीक्षा हेतु पात्र नहीं होंगे। यदि किसी विद्यार्थी द्वारा गलती से परीक्षा फार्म भरकर जमा करा दिया है, उनका परीक्षा फार्म स्वतः निरस्त माना जाएगा। ऐसे विद्यार्थियों को प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक<br>शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,<br>इन्दौर (म.प्र.)

प्राचार्य<br>शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,<br>इन्दौर (म.प्र.)